# कॉरपोरेट्स विनिर्माण स्टार्टअप के लिए बनाएं इन्क्यूबेशन केंद्र

## शैक्षणिक और रिसर्च संस्थानों के साथ सभी क्षेत्र इसमें ले सकते हैं भाग

नई दिल्ली। सरकार ने टाटा, ह्युंडई और एपल सहित 100 से अधिक कॉरपोरेट्स के साथ-साथ यूनिकॉर्न से विनिर्माण क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की अपील की है। डीपीआईआईटी ने कॉरपोरेट्स इनक्यूबेशन व एक्सेलेरेशन पर कंपनियों के साथ हैंडबुक साझा की है।

उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा, हमने 100 से अधिक कॉरपोरेट्स से अपने विनिर्माण इनक्यूबेटर रखने का अनुरोध किया है। हमारे पास इस जगह की कमी है और हमने लगभग 50 ऐसी इकाइयां बनाने का लक्ष्य लिया है। नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स ने पहले ही केंद्र स्थापित कर लिया है। अधिकारी ने कहा, एक मजबूत विनिर्माण नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। स्टार्टअप और उद्यमी घरेलू स्तर पर निर्माण और नवाचार करके वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित करने में भूमिका निभा रहे हैं। विभिन्न संस्थान जैसे शैक्षणिक और रिसर्च संस्थान इसमें भाग ले सकते हैं। एजेंसी